दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 28-01-2025

# 76वें गणतंत्र दिवस पर उत्साह से फहराया तिरंगा

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थानीय नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित हुआ। यहां नेपा मिल के डायरेक्टर फाइनेंस प्रदीप कुमार नाईक ने ध्वजारोहण किया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान डायरेक्टर फाइनेंस नाईक ने कहा सभी के प्रयासों से मिल का संचालन बेहतर से बेहतर ढंग से किया जा रहा है। आने वाले समय में भी नेपा मिल बेहतर उत्पादन कर अच्छी स्थिति में होगी।

इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। स्वच्छता ही सेवा मुहीम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों में जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, सुषमा गौर, मीना श्रीवास्तव, खेमसिंह पवार का सम्मान किया गया। नेपा मिल के 35 साल पुराने पावर हाउस की क्षमता वृद्धि हुई है। पावर हाउस संयंत्र 1989 में स्थापित हुआ था। इसमें पिछले दिनों अपनी क्षमता से अधिक 12.30 मेगावॉट का उत्पादन प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया गया। इसके लिए बेहतर काम करने पर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम का अभिनंदन किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में से अफसर, कर्मचारियों की एक प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमें भेल, एचएमटी लिमिटेड, एंड्रयू युल एंड कंपनी लिमिटेड, ब्रिज एंड रूफ, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नालॉजी इंस्टीट्यूट और नेपा मिल के अफसर, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें नेपा मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे का आलेख बाधाओं के बीच हमारी हिन्दी को मंत्रालय की प्रतिष्ठित पत्रिका उद्योग भारत में स्थान देकर प्रथम पुरस्कार दिया गया। निदेशक वित्त ने उन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान किया। इस दौरान संदीप ठाकरे, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी सहित अन्य मौजूद थे।



डायरेक्टर प्रदीप कुमार नाईक ने ध्वजारोहण कर संबोधन दिया।

## उत्कृष्ट स्कूल, जनपद में किया ध्वजारोहण

नेपानगर विधायक मंजू दादू ने खकनार जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय व शासकीय उत्कृष्ट स्कूल खकनार में ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आरती निलेश चौकसे, जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल, जनपद सदस्य गोकुल पाटिल, हिम्मत निकम, निलेश चौकसे मौजूद थे।


नेपानगर विधायक मंजू दादू ने खकनार उत्कृष्ट विद्यालय में ध्वजारोहण किया।

## यहां भी हुआ ध्वजारोहण

- रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक एएस नागवंशी ने ध्वजारोहण कर मध्य रेलवे मुंबई जीएम धर्मवीर मीणा के संदेश का वाचन किया। उप स्टेशन प्रबंधक आरएन मीणा, शशिकांत सिंह, शिवेश चौधरी, एसएसई रेल पथ एसके तिवारी, मेजर सिंह चौहान, एमसीएम सिग्नल विक्की पुसाम, आरपीएफ चौकी प्रभारी लवकुश वर्मा, हेमंत सांगुले, रणदीप ठाकुर, गोविंद नागराज, अमित रंजन, कुशान कुमार, करण चंदेले, रौनक चंदेले मौजूद थे।
- नगर पालिका में अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। वहीं नेपानगर नगर पालिका के सीएमओ शैलेंद्र चौहान, पीआरओ एनएस तंवर को बुरहानपुर में कलेक्टर भव्या मित्तल ने बेहतर कामों के लिए पुरस्कृत किया।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनीषा साकल्ले ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गतिविधियां प्रस्तुत की।
- दुर्लभ वन्यजीवों पर रिसर्च, जड़ी बूटियों, स्वच्छता को लेकर फ्रेंकलिन एरिक साइमन को बुरहानपुर में हुए समारोह में कलेक्टर भव्या मित्तल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।
- सातपायरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्राचार्य रत्नेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान, अतिथि नरेंद्र तंवर, दिलीप चौहान थे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एकलव्य विद्यालय की बदलती तस्वीर का चित्रण किया।
- निजी हायर सेकंडरी स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस पर संरक्षक डॉ. ओपी महाजन, अध्यक्ष अर्जुनदास शाह, प्राचार्य वंदना जवादे की उपस्थिति में समारोह हुआ। शाला के प्रधान सचिव स्व. श्यामसुंदर सेईवाल द्वारा किए गए प्रयासों के लिए मोहन सेईवाल को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

पत्रिका

स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों में भी ध्वजारोहण, विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

# गणतंत्र दिवस का नेहरू स्टेडियम पर हुआ मुख्य आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों में समारोह आयोजित हुआ। मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर हुआ। मुख्य अतिथि के बतौर नेपा लिमिटेड के डायरेक्टर फाइनेंस प्रदीप कुमार नाईक ने ध्वजारोहण कर मिल की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

26 जनवरी पर नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मनीषा साकल्ले द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां गतिविधिया प्रस्तुत की। सातपायरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्राचार्य रत्नेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान, अतिथि नरेंद्र तंवर, दिलीप चौहान थे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित।




नेपा में हुआ मुख्य आयोजन।



विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति।

## इन्हें मिला सम्मान

मुख्य आयोजन में दुर्लभ वन्यजीवों पर रिसर्च, जड़ी-बूटियों, स्वच्छता को लेकर फ्रेकलिन एरिक साइमन को बुरहानपुर में हुए समारोह में कलेक्टर भव्या मित्तल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान, पीआरओ नरेंद्र सिंह तंवर, भरत कुमार को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया। नेपा मिल अफसर, कर्मचारियों को डायरेक्टर फाइनेंस ने सम्मानित किया। समारोह के दौरान डायरेक्टर फाइनेंस प्रदीप कुमार नाइक ने नेपा मिल अफसर, कर्मचारियों को सम्मानित किया। स्वच्छता ही सेवा मुहिम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, सुषमा गौर, मीना श्रीवास्तव, खेमसिंह पवार का सम्मान किया गया। नेपा मिल के 35 साल पुराने पावर हाउस की क्षमता वृद्धि हुई हैं। इसे लेकर प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी और उनकी टीम का प्रशस्ति पत्र ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा देश के सभी सावर्जनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में से अफसर, कर्मचारियों की एक प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमें भेल एचएमटी लिमिटेड, एंड्रयू युल एंड कंपनी लिमिटेड, ब्रिज एंड रूफ सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नालॉजी इंस्टीट्यूट और नेपा मिल के अफसर, कर्मचारियों ने भाग लिया।